Ph.: 7084157937

# BRIJ BEHARI SAHAI INTERNATIONAL SCHOOL
# GOHRI, PHAPHAMAU, PRAYAGRAJ
## (Affiliated to CBSE New Delhi)

**Affiliation No.: 2132203** **School Code: 70061**

**Date: 03.10.2025**

## प्रेस विज्ञप्ति
## बी0बी0एस0 इण्टरनेशनल, स्कूल गोहरी में छात्र अलंकरण समारोह




आज दिनांक 03 अक्टूबर 2025 दिन शुक्रवार को विद्यालय में छात्र अलंकरण समारोह अयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, स्कूल कैप्टन, सांस्कृतिक कैप्टन सहित चारों सदनों के कैप्टनों को उनके पद आवंटित किये गए। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंधक श्री रंजीत सिंह, प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य अतुल मिश्र एवं उप प्रधानाचार्या अर्चना जायसवाल मौजूद रहे। प्रबंधक श्री रंजीत सिंह, प्राचार्या सुश्री अलका श्रीवास्तव तथा उप प्राचार्य श्री अतुल मिश्र जी ने सभी चयनित पदाधिकारियों को पद भार का दायित्व देते हुए विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन के लिए शपथ ग्रहण कराया।

इस समारोह में क्रमशः कीर्ति विक्रम सिंह (हेड ब्वॉय), माण्डवी सिंह (हेड गर्ल), आकर्षक वीर सिंह (वाइस हेड ब्वॉय), कली यादव (वाइस हेड गर्ल), अर्पित चौधरी (स्पोर्टस कैप्टन), जागृति (सांस्कृतिक कैप्टन), समीक्षा पटेल (सांस्कृतिक वाइस कैप्टन), रेड हाउस कैप्टन–अर्पित साहू, ग्रीन हाउस कैप्टन–आस्था कुमारी, ब्लू हाउस कैप्टन–उन्नति सिंह, यलो हाउस कैप्टन– करूना सागर आदि सभी पदाधिकारियों को पद ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि ने सभी पदाधिकारियों को अलंकरण पद बैज पहनाया।

विद्यालय के मुख्य अतिथि प्रबंधक श्री रंजीत सिंह जी ने विद्यार्थियों को उनके बेहतर भविष्य को लेकर जागरूक किया। साथ ही कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताओं में जीत प्राप्त करने की कामना भी की।

इस समारोह में विशेष योगदान क्रीड़ा प्रशिक्षक श्री शुभम राय, सुबदा व विनय त्रिपाठी जी का रहा।

**प्रधानाचार्या**